जेल विभाग, हरियाणा

बेज नं. 03-06, सेक्टर-14, पंचकूला

टेली. : 0172-2586721, ई-मेल : office_dg.prisons@hry.nic.in

वॉक-इन-इंटरव्यू हेतु सूचना

जेल विभाग, हरियाणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय (एम.ओ.एसजेई), भारत सरकार के नशीली दवाओं की मांग में कमी के लिये राष्ट्रीय कार्यवाही योजना की स्कीम के तहत हरियाणा राज्य की 15 जेलों में 15 बिस्तर वाले नशामुक्ति केन्द्रों को प्रारम्भ करने की प्रक्रिया कर चुका है। पदों, उनकी योग्यता और पारिश्रमिक के विवरण निम्नानुसार हैं :-

क्र. सं.	पदों का नाम	शैक्षणिक योग्यता और अनुभव	मासिक पारिश्रमिक
01.	प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर	स्नातक सहित ऐसे केन्द्रों का प्रबंधन करने का न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि का अनुभव अथवा ऐसे केन्द्रों को चलाने के लिये प्रदर्शनीय क्षमता और कम्प्यूटर्स का वर्किंग नॉलेज रखने वाले।	30,000/-
02.	काउंसलर/ सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/ सामुदायिक कार्यकर्ता	किसी संकाय में स्नातक सहित क्षेत्र में तीन वर्ष का अनुभव। उसके पास एनआईएसडी द्वारा डी-एडिक्शन काउंसलिंग में तीन माह के प्रशिक्षण कोर्स का एक प्रमाण-पत्र अवश्य होना चाहिए और अंग्रेजी के साथ-साथ एक क्षेत्रीय भाषा का ज्ञान होना चाहिए।	25,000/-
03.	सहकर्मी शिक्षक	साक्षर ; 1-2 वर्ष के परहेज सहित पूर्व-ड्रग यूजर, नशा करने वाली जनसंख्या के बीच कार्य करने के इच्छुक के साथ-साथ विशेषताएं जैसे संवेदना, संचार कौशल रखने वाला होना चाहिए। प्रशिक्षण प्राप्त करने का इच्छुक ; नशीली दवाओं का उपयोग करने, खरीदने, अथवा बेचने से परहेज रखने के लिये सहमत ; हानिकारक नशीली दवाओं का उपयोग और पुनरावर्तन के निषेध हेतु कार्य करने के लिये तैयार।	10,000/-

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि और स्थान :- निम्नलिखित जेलों में विभिन्न रिक्त अनुबंधात्मक पदों को भरने के लिये वॉक-इन-इंटरव्यू 14.04.2023 को पूर्वा. 9.00 बजे आयोजित किया जाएगा :-

क्र. सं.	जेल का नाम	पद जिनके लिये वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा।	पदों की सं.	अवधि
01.	सेंट्रल जेल-II, हिसार	1. प्रोजैक्ट कोऑर्डिनेटर 2. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01 01	06 माह
02.	जिला जेल, कैथल	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	02	06 माह
03.	जिला जेल, पानीपत	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	02	06 माह
04.	जिला जेल, सोनीपत	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	02	06 माह
05.	सेंट्रल जेल, अम्बाला	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	06 माह
06.	जिला जेल, नारनौल	1. सहकर्मी शिक्षक	01	06 माह
07.	जिला जेल, भिवानी	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	06 माह
08.	जिला जेल, जीन्द	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता 2. सहकर्मी शिक्षक	02 01	06 माह
09.	जिला जेल, फरीदाबाद	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता 2. सहकर्मी शिक्षक	02 01	06 माह
10.	जिला जेल, गुरुग्राम	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता 2. सहकर्मी शिक्षक 3. प्रोजैक्ट कॉर्डिनेटर	02 01 01	06 माह
11.	जिला जेल, यमुनानगर	1. काउंसलर / सामाजिक कार्यकर्ता/ मनोविज्ञानी/सामुदायिक कार्यकर्ता	01	06 माह
12.	जिला जेल, कुरुक्षेत्र	1. सहकर्मी शिक्षक	01	06 माह

नियम एवं शर्तें ;

1. आवेदकों को 14.04.2023 को पूर्वा. 9.00 बजे उपरोक्त जेलों में उपस्थित होने का परामर्श दिया जाता है। दस्तावेजों को साक्षात्कार के दौरान चैक किया जाएगा और उसके पश्चात प्राप्त किसी आवेदन को स्वीकार नहीं किया जाएगा।
2. साक्षात्कार में उपस्थित होने अथवा चयन और नियुक्ति के प्रस्ताव की स्वीकृति के पश्चात नियुक्ति के स्थान पर ज्वाइन करने के लिये उम्मीदवारों को कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
3. आवश्यक योग्यताएं / अनुभव को पूरा करने मात्र से ही चयन की गारंटी नहीं दी जाती है। उम्मीदवारों की नियुक्ति के सम्बन्ध में चयन समिति का निर्णय अन्तिम होगा और इस सम्बन्ध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. उपरोक्त पद पूर्णतया अनुबंध आधार पर और उपरोक्त अवधि के लिये है।
5. चयनित उम्मीदवारों को कोई एचआरए / चिकित्सा दावा / परिवहन भत्ता इत्यादि का भुगतान नहीं किया जाएगा।

आवेदन कैसे करें :- पात्र और इच्छुक आवेदकों को अपने विधिवत भरे हुये आवेदन प्रपत्र (प्रारूप संलग्न) और बायो-डेटा / रिज्यूमे / सीवी (नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ विधिवत चिपकाए हुये सहित) सहित मूल प्रमाण-पत्रों और साथ-साथ आयु, योग्यताओं, अंकतालिका, डिग्री, एमसीआई/स्टेट रजिस्ट्रेशन, श्रेणी और अनुभव प्रमाण-पत्र इत्यादि के समर्थन में सम्बद्ध दस्तावेजों की स्व-सत्यापित छायाप्रति का एक सैट और दो नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित वॉक-इन-इंटरव्यू के लिये उपरोक्त जेलों में 14.04.2023 को पूर्वा. 9.00 बजे उपस्थित होना चाहिए।

हस्ता/- उप अधीक्षक (प्रशा.),
कृते महानिदेशक, जेल, हरियाणा

पीआरडीएच-1277/11/48/2023/16747/88/6 दि. 03.04.23